देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 321 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**अरसे से कर रहे थे मांग



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 4 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 18.0⁰ न्यूनतम 7.0⁰ | 39872.31

**2** करॉना पर डर पैदा कर रहा है अमेरिका **7** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे–टेस्ट से रोहित बाहर

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद को दी जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रयागराज। लॉ स्टूडेंट के यौन शौषण के मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और बीजेपी नेता स्वामी चिन्मयानंद को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। एलएलएम छात्रा के यौन शोषण के आरोप में चिन्मयानंद जेल में बंद थे। बीते 16 नवंबर को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। आपको बता दें कि स्वामी चिन्मयानंद शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज भी चलाते हैं। स्वामी चिन्मयानंद पर तकरीबन आठ साल पहले नवंबर 2011 में शाहजहांपुर में एफआईआर दर्ज हुई थी। उनके ही आश्रम में कई वर्षों तक रहने वाली एक युवती ने उनके खिलाफ रेप और यौन शोषण का आरोप लगाया था।

### अनंत हेगड़े को आलाकमान से मिला माफी मांगने का आदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महात्मा गांधी के उपवास और सत्याग्रह को ड्रामा करार देने के अपने बयान पर बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। विपक्ष के हमलों के बीच अब उनकी पार्टी ने ही उनसे अपने बयान के लिए माफी मांगने के लिए कहा है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गांधी को लेकर दिए उनके बयान पर नाराजगी जताई है। सूत्रों के मुताबिक, शीर्ष नेतृत्व ने हेगड़े से अपने बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगने को कहा है।

### शाहरुख की समेत 3 कंपनियों की संपत्ति जब्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रोज वैली पॉन्जी स्कीम मामले में अभिनेता शाहरुख खान की आईपीएल टीम से जुड़ी कंपनी समेत 3 कंपनियों की 70 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यह कार्रवाई हुई है। ईडी ने बयान जारी कर कहा कि रोज वैली समूह और इसकी अन्य संस्थाओं से मिले पैसे के संबंध में यह कार्रवाई की गई है।

# शाहीन बाग संयोग नहीं, एक प्रयोग

## दिल्ली में अपनी पहली रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला


■दिल्ली को अराजकता में नहीं छोड़ सकते: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद दिल्ली में अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला बोला। पीएम ने दिल्ली के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से किए गए कामों को गिनाते हुए शाहीन बाग के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने सीलमपुर, जामिया और फिर शाहीन बाग में चल रहे प्रदर्शन के पीछे साजिश बताते हुए कहा कि दिल्ली को इस अराजकता में नहीं छोड़ा जा सकता नहीं तो कल फिर किसी और सड़क को बंद किया जाएगा। पीएम ने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने और बिहार की बसों को दिल्ली में नहीं घुसने देने को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा। संविधान और तिरंगे को सामने रखकर ज्ञान बांटा जा रहा है और असली खेल से ध्यान हटाया जा रहा है। अदालतों की भावना यही रही है कि विरोध प्रदर्शनों से सामान्य लोगों को दिक्कत ना हो, देश की संपत्ति का नाश ना हो।

प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स ने नाराजगी जताई है, लेकिन यह अदालतों की बात नहीं मानते और बात करते हैं संविधान की। पीएम ने बजट की बड़ी घोषणाओं का जिक्र करते हुए दिल्ली वालों को इसके फायदे गिनाए।

**केंद्र की योजनाएं दिल्ली में लागू नहीं होने पर घेरा:** पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के दिल्ली में लागू नहीं किए जाने पर दुख जताते हुए कहा कि दिल्ली के गरीबों को इन योजनाओं का फायदा नहीं लेने दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या राजनीति मानवता से बड़ी हो गई है? पीएम ने कहा, 2022 तक हमने सपना देखा कि हर गरीब बेघर को अपना पक्का घर देने का हमारा जो फैसला है उसी का यह हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे लिए देश सबसे ऊपर है। देश के लिए लिए गए संकल्पों को पूरा करने के लिए हम दिन रात एक कर रहे हैं। देश के सामने दशकों पुरानी जो समस्याएं थीं उन्हें दूर कर रहे हैं। दिल्ली में अवैध कॉलोनियों की बड़ी समस्या थी, आजादी के बाद से ही मामला लटका हुआ था, वोट के लिए वादा किया जाता था, लेकिन समस्या को कोई सुलझाता नहीं था।



### बीजेपी की सरकार बनी तो तेज होगा विकास

पीएम ने दावा किया कि 11 फरवरी के बाद दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी और विकास को गति मिलेगी। दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना लागू नहीं की गई, आयुष्मान भारत को लागू नहीं किया गया क्योंकि केजरीवाल सरकार नहीं चाहती कि गरीबों को घर मिले, उन्हें मुफ्त इलाज मिले। आर्टिकल 370 और अयोध्या विवाद के हल पर पीएम ने कहा कि जो काम आजादी के ठीक बाद होना चाहिए, उन्हें आज उनकी सरकार कर रही है।

### साजिश करने वालों की ताकत बढ़ी तो कल कोई और रास्ता बंद होगा

दिल्ली की जनता देख रही है, वह चुप है और वोटबैंक की इस राजनीति को देखकर दिल्ली का नागरिक गुस्से में भी है। इस मानसिकता को यहीं रोकना जरूरी है। साजिश रचने वालों की ताकत बढ़ी तो कल फिर कल किसी और सड़क को बंद किया जाएगा, किसी और गली को रोका जाएगा। हम दिल्ली को इस अराजकता में नही छोड़ सकते हैं।

# सीएए पर विपक्ष का संसद में केंद्र पर बड़ा हमला

## जामिया छात्रों का मुद्दा उठा ओवैसी बोले– सरकार कर रही है जुल्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने जामिया मिलिया के छात्रों का मुद्दा आज संसद में उठाते हुए उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया है। लोकसभा में ओवैसी ने आज कहा कि वह जामिया के बच्चों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ अत्याचार कर रही है, बेटियों को मार रही है।

लोकसभा की कार्यवाही के दौरान ओवैसी ने कहा कि सरकार बच्चों पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा, श्हम तमाम जामिया के बच्चों के साथ हैं। ये हुकूमत बच्चों पर जुल्म कर रही है। ये जानते हैं कि एक बच्चे की आंख चली गई, बताएं क्यों मार रहे हैं। शर्म नहीं है इनको, बच्चों को मार रहे हैं। गोलियां मार रहे हैं।

बता दें कि नागरिकता संशोधन एक्ट सीएए के विरोध में जामिया के छात्र पिछले करीब एक महीने से विरोध कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने सीएए के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन के दौरान हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं और इनमें कोई भी छात्र नहीं है।

**कांग्रेस का भी सरकार पर हमला** लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि देश के आम लोग संविधान को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को पकड़े और राष्ट्रगान गा रहे इन लोगों पर गोलियां बरसाई जा रही हैं। देश के लोगों को क्रूरता से मारा जा रहा है।

### तुम्हारे लिए पाकिस्तान बना दिया, हमें चैन से जीने दो

पटना। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद गिरिराज सिंह अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते ही हैं। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोरते हैं। ओवैसी ने सोमवार को संसद में कहा कि वह जामिया के बच्चों के साथ हैं। इसी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी जैसे कट्टरपंथी शिक्षण संस्थानों में देश के खिलाफ जहर घोल रहे हैं। गिरिराज ने ओवैसी के लिए लिखा कि तुम्हारे लिए पाकिस्तान बना दिया, अब हमें चैन से जीने दो।

# सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में सेना और पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में जैश के एक बड़े टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ। खुफिया इनपुट्स में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अवंतिपोरा में जैश के चार आतंकियों को अरेस्ट किया है। इन आतंकियों से सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी कड़ी पूछताछ कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, राज्य पुलिस को सोमवार को पुलवामा के अवंतिपोरा में जैश के लिए काम करने वाले कुछ स्थानीय आतंकियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद फोर्सेज के जॉइंट ऑपरेशन में अवंतिपोरा से 4 आतंकियों को अरेस्ट किया गया। इन सभी आतंकियों के पास से पुलिस को भारी मात्रा में संदिग्ध सामान मिला है।

**पुलवामा में दर्ज किया गया मुकदमा:** आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी इनसे कड़ी पूछताछ कर रहे हैं। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि यह सभी आतंकी इलाके में जैश–ए–मोहम्मद के आतंकियों को स्थानीय स्तर पर मदद पहुंचा रहे थे। इस मामले में पुलवामा में एक मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

**बारामूला से अरेस्ट हुआ था लश्कर का आतंकी:** बता दें कि हाल ही में 27 जनवरी 2020 को सुरक्षाबलों ने बारामूला के पट्टन इलाके में भी एक आतंकी को गिरफ्तार किया था। इस आतंकी को लश्कर के लिए काम करने के आरोप में अरेस्ट किया गया था। वहीं बीते हफ्ते जम्मू के नगरोटा में भी एक आतंकी मुठभेड़ के बाद 3 आतंकी अरेस्ट किए गए थे। इसमें फरवरी 2019 में हुए पुलवामा हमले के मुख्य आरोपी आदिल डार का भाई भी शामिल था।

### खुलासा

- ■अवंतिपोरा में जैश के टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड
- ■पुलवामा में पुलिस ने दर्ज किया केस

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चीन से यारी अपनों से ‘गद्दारी’!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■करॉना वायरस: इमरान खान पर भड़के पाकिस्तानी छात्र

नई दिल्ली। करॉना वायरस को लेकर अपने सदाबहार मित्र चीन की तरफदारी करना पाकिस्ध्तान सरकार को महंगा पड़ता जा रहा है। करॉना प्रभावित चीन से ज्यादातर भारतीय छात्रों के एयरलिफ्ट किए जाने के बाद वुहान में फंसे पाकिस्तानी छात्रों को गुस्सा और बढ़ गया है और वे लगातार विडियो जारी करके भारत सरकार के फैसले की तारीफ कर रहे हैं, वहीं रियासत–ए–मदीना के वजीर–ए–आजम इमरान खान को कोस रहे हैं।

पीएम इमरान खान से मदद की आस खो चुके छात्र अब पाकिस्तानी आर्मी चीफ से मदद की गुहार लगा रहे हैं। उधर, पाकिस्तानी छात्रों के गुस्ध्से के बाद भी इमरान सरकार अपने चीनी आकाओं को खुश करने और अपनी बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं की कलई खुलने के डर से छात्रों को वुहान से निकाल नहीं रही है। चीन में फंसे पाकिस्तानी छात्र जहां करॉना वायरस के गढ़ में जिंदगी और मौत का सामना कर रहे हैं और इमरान सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।